
# पीनट एलर्जी

[स्रोत: बीबीसी]

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने **शिशुओं में पीनट एलर्जी के उपचार** के लिये एक अभूतपूर्व कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य **ओरल इम्यूनोथेरेपी** के माध्यम से प्रतिरक्षा प्रणाली मज़बूत करना है।

- **ऑस्ट्रेलिया को प्रायः "एलर्जी कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड" के रूप में जाना जाता है, जहाँ 10 में से 1 शिशु का खाद्य पदार्थों के माध्यम से एलर्जी का उपचार किया जाता है।**
    - **भारत में** शिशुओं में **पीनट एलर्जी का प्रचलन काफी कम (लगभग 0.03%)** है।
- **यह कार्यक्रम 12 महीने से कम उम्र के शिशुओं के लिये उपलब्ध है, जो पीनट एलर्जी के प्रति संवेदनशील हैं जिसके परिणामस्वरूप वे सहभागी अस्पतालों की निगरानी में हैं।**
- **पीनट एलर्जी:**
    - ऐसा तब होता है, जब आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली **पीनट प्रोटीन** को **हानिकारक** मान लेती है।
    - पीनट एलर्जी सीधे संपर्क (पीनट/मूंगफली या मूंगफली युक्त खाद्य पदार्थ खाने से), क्रॉस-संपर्क (अनजाने में पीनट/मूंगफली को अन्य खाद्य पदार्थों में शामिल करने से) या साँस के ज़रिए (पीनट/मूंगफली के पाउडर या एरोसोल में साँस लेने से) के ज़रिए हो सकता है।
- **लक्षण:**




//

- **उपचार वधि:** पीनट एलर्जी का उपचार बचाव पर केंद्रति है, लेकनि ओरल **इम्यूनोथेरेपी**, जैसे कि **पलफोर्ज़िया** (4-17 वर्ष की आयु के लयि स्वीकृत), गंभीर प्रतक्रियाओं को कम कर सकती है। हालाँकि यह कोई उपचार नहीं है क्योंकि यह कुछ परस्थितियों के लयि उपयुक्त नहीं है।

**और पढ़ें:** बच्चों में मल्टी सिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/peanut-allergy